सुविचार

जिंदगी में सबसे ज्यादा दुख दिल टूटने पर नहीं यकीन टूटने पर होता है..!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-3 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 23 फरवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## अवैध साधनो द्वारा कमाई संपत्ति को कब कुर्की की जा सकती है जानिए/legal advice......



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

अगर कोई व्यक्ति लोकसेवक होते हुए अवैध प्रकार से संपत्ति की कमाई कर लेता है और उस अवैध या काली कमाई की संपत्ति से महल बना लेता है तब उसका महल, मकान या जो भी भूमि उसने खरीदी है वह सब कुर्की होगी उसके पास अवैध कमाई की संपत्ति कुछ नहीं बचेगी जानिए.

मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम, 1982 की धारा 36(ग) की परिभाषा ? जब किसी जिला कलेक्टर को इस बात का समाधान हो जाता है कि किसी अधिकारी ने अवैध साधनों द्वारा संपत्ति को अर्जित किया है तब कलेक्टर के आदेश पर अवैध संपत्ति कुर्की की जा सकती है। कलेक्टर चाहे तो उस अवैध संपत्ति की देख रेख के लिए एक रिसीवर की भी नियुक्ति कर सकता है।

## व्यक्ति अपनी रक्षा के लिए निर्दोष व्यक्ति की मृत्यु तक कब कर सकता है जानिए/IPC, BNS......

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 100 व्यक्तियों को शारीरिक निजी प्रतिरक्षा का अधिकार देती है एवं संहिता की धारा 105 व्यक्ति को संपत्ति के विरुद्ध निजी प्रतिरक्षा का अधिकार प्रदान करती है । यह अधिकार व्यक्ति को तब ही दिए जाते है जब कोई व्यक्ति विधि विरुद्ध हमला करता है और सामने वाले व्यक्ति को मृत्यु या खतरे की आशंका हो लेकिन अगर कोई व्यक्ति किसी पर सार्वजनिक भीड़ वाले स्थान पर हमला कर दे तब बचाव करने वाले व्यक्ति का क्या कानूनी अधिकार होगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 106 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 44 की परिभाषा:** जब किसी घातक हमले द्वारा व्यक्ति को अपनी मृत्यु की आशंका या अनुमान लगता है तब उसके हाथ निजी प्रतिरक्षा करते हुए कोई निर्दोष व्यक्ति की हत्या या चोट लग जाए वह अपराध नहीं होगा। साधारण शब्दों मे कहे तो एक उग्र भीड़ किसी व्यक्ति पर घातक हमला करती है,जिससे उस व्यक्ति को मृत्यु की आशंका है वह बचाव में भीड़ पर गोली चला देता है और इसके कारण कुछ निर्दोष लोगों हो चोट आती है या निर्दोष लोगों की हत्या हो जाती है तब यह अपराध नहीं होगा।

## जनजातियों के मातृभूमि प्रेम और बलिदान की भावना से युवा प्रेरणा लें: श्री मंगुभाई पटेल



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नई पीढ़ी को जनजाति समुदाय से अपनी मातृभूमि के लिए प्रेम और बलिदान की भावना से प्रेरणा लेनी चाहिए। जननायकों के बलिदान को अपने हृदय में संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीयों के अध्ययन एवं शोध के लिए शोधार्थियों में जनजातीय समुदाय से जुड़ने, गहराई से समझने की अनुभूति और संवेदनशीलता का होना जरुरी है।

उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ जनजातियों की जीवन शैली में होने वाले परिवर्तनों की पहचान करनी चाहिए। उसी के अनुरुप शोध और अध्ययन की प्रणाली को विकसित करे, तभी अध्ययन को प्रासंगिक, प्रमाणिक और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। राज्यपाल श्री पटेल जनजाति शोध एवं अनुशीलन केंद्र दिल्ली के तत्वावधान में राजीव गांधी प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित जनजाति शोध एवं अध्ययन पाठ्यक्रम कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय अध्ययन पाठ्यक्रम विजन डॉक्यूमेंट होना चाहिए। उसमें जनजातियों की सांस्कृतिक संप्रभुता, संवैधानिक प्रावधान और ऐतिहासिकता के विविध आयामों का समेकित अध्ययन किया जाना चाहिए। जरूरी है कि पाठ्यक्रम में जनजातियों के जीवन मूल्यों, नैसर्गिक सादगी की विशिष्टताएं भी शामिल हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनजाति समुदाय और उनके जन नायकों के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति में नई पीढ़ी को जनजातीय नायकों के कृतित्व और व्यक्तित्व को समझने का अवसर दिया है। प्रदेश सरकार जनजातीय शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने जनजातीय शोध एवं अध्ययन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों के प्रयासों और विद्यार्थियों की प्रभावी सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि जनजातीय समाज देश की धरोहर है। उनकी आध्यात्मिक चिंतन परंपरा और ज्ञान से नई पीढ़ी को सीखना चाहिए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस्कॉन के 'प्राईड ऑफ उज्जैन सम्मान' से सम्मानित

### इस्कॉन के माध्यम से विश्व में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य शिक्षाओं का हो रहा प्रसार




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उज्जैन प्रवास के दौरान इस्कॉन द्वारा प्राईड आफ उज्जैन सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन की स्थापना की 18वी वर्षगांठ थी। मुख्यमंत्री ने इस्कॉन के श्री भक्तिचारू महाराज की समाधि को नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस्कॉन मन्दिर पहुंचकर श्री राधा मदनमोहन के दर्शन किये और आरती की। । उन्होने इस्कॉन मन्दिर में प्रारम्भ किये गये निरामिश व सात्विक भोजन के उपहार गृह 'गोविंदम फूड्स' का शुभारम्भ किया । उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ.मोहन यादव का इस्कॉन मन्दिर की ओर से अभिनन्दन किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें भक्तिचारू महाराज का पुण्य स्मरण हो रहा है। आध्यात्मिक आनन्द की अनुभूति भी हो रही है। भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपादजी ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भगवान श्रीकृष्ण और कृष्ण भावनामृत का प्रचार किया। यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि इस्कॉन के माध्यम से कई देशों में भगवान श्रीकृष्ण, उनकी लीलाएं तथा उनके जीवन प्रसंगों तथा श्रीमदभगवद गीता का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। डा यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की थी। उनके जीवन के कई प्रसंग अत्यन्त प्रेरणादायी हैं। मुख्यमंत्री ने इस्कॉन मन्दिर के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस्कॉन मन्दिर के श्री वासुघोष प्रभु, श्री उदयानंद प्रभु, इस्कॉन उज्जैन के श्री भक्तिप्रेम स्वामी महाराज, भक्तिआश्रय वैष्णव महाराज, बालयोगी उमेशनाथजी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, सर्वश्री रूप पमनानी, श्याम बंसल, संजय अग्रवाल, राज वर्मा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अलीराजपुर में वन मेले का शुभारंभ

### मंत्री सुश्री भूरिया एवं मंत्री श्री चौहान हुए शामिल

भोपाल। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया एवं वन पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने वन मेले का शुभारंभ किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान की पहल के कारण ही इस विशाल वन मेले का आयोजन अलीराजपुर में संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि भोपाल से सुदूर अलीराजपुर जिले में वनोपज भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। आदिवासी भाई बहन इसका प्रयोग सदियों से कर रहे है, ऐसे में अलीराजपुर जिले में वन मेले के आयोजन से वनोपज की जानकारी पूरे प्रदेश में पहुंचेगी। वन मंत्री श्री चौहान ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जब उन्होंने भोपाल में वन मेले का आयोजन होते हुए देखा और वहां से प्राप्त जानकारी से प्रभावित होकर उन्होने तय किया कि अलीराजपुर जिले के ग्रामीणों को भी इस तरह की जानकारी और मेले से मिलने वाले गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैने भोपाल मेले में घोषणा की थी की आलीराजपुर जिले में राज्यस्तरीय मेले का आयोजन होगा। उन्होने वन मेले से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए कहा कि यहां के लोगों का आर्थिक उन्नयन होना प्राथमिकता है। वन मेला जिले में आयोजित होने से वनोपज को देश विदेश तक प्रचारित करने का माध्यम बनेगा।

## आष्टा में सामूहिक कन्या विवाह समारोह में शामिल हुए राजस्व मंत्री

### वर-वधू को दिया आर्शीवाद

भोपाल। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा सीहोर जिले के आष्टा में सामूहिक कन्या विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सराहनीय है। इससे फिजूल खर्ची नहीं होती और समाज के सभी छोटे-बड़े, अमीर, गरीब परिवारों के वर-वधू सामूहिक रूप से विवाह-सूत्र में बंधते है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के देवता हैं। ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के बाद उसके निर्माण और सृजन की जिम्मेदारी भगवान विश्वकर्मा को ही सौंपी थी। विश्वकर्मा का अर्थ होता है विश्व का निर्माता। भगवान विश्वकर्मा ही इस सृष्टि के वास्तुकार हैं, उन्हें दुनिया का पहला इंजीनियर भी माना जाता है। भगवान विश्वकर्मा संपूर्ण मानव जाति के लिए पूज्यनीय है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार सभी समाज सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में किया विकास कार्यों का भूमि पूजन- लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को उज्जैन में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने 91.962 लाख रुपये की लागत से शासकीय महाविद्यालय तराना में विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत प्रयोगशाला भवन का निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण, विकास खण्ड खाचरौद के अन्तर्गत 8.31 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम लुसड़ावन, केसरिया, डोडिया, सकतखेड़ी, बनबना, बोरखेड़ा पित्रामल, जलोदिया जागीर, पिपल्याशीष, हताई एवं अंतरालिया की नल जल योजना (जल जीवन मिशन) का लोकार्पण, विकास खण्ड उज्जैन के अन्तर्गत 83 लाख रुपये की लागत से ग्राम करोंदिया की नल जल योजना (जल जीवन मिशन) का लोकार्पण किया।

### भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री नगरीय अधोसंरचना तृतीय चरण के अन्तर्गत छह करोड़ रुपये की लागत से सिंधी कॉलोनी से हरिफाटक ओवर ब्रिज तक सेंट्रल लाईटिंग रोड डिवाइडर कार्य, क्षिप्रा विहार स्थित नक्षत्र उद्यान में एक करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत तराना विधानसभा क्षेत्र में 6.08 करोड़ रुपये की लागत के एमआरएल 02-कायथा-खारपा-तराना मार्ग, ब्रिज (लम्बाई 135 मीटर) का भूमि पूजन किया गया।

**नर्मदा जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरकंटक को दी विकास कार्यो की सौगात**

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल पहुंचकर पूजा अर्चना की और नागरिकों की सुख समृद्धि के लिए मां नर्मदा से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरकंटक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट समेत अनूपपुर जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित निर्मित निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इन निर्माण कार्यों पर 55 करोड़ 24 लाख रुपये खर्च किए गए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग सेतु में 306.66 लाख की लागत से कोतमा-निगवानी-बिजुरी मार्ग के चैड़ार नाला पर निर्मित पुल, 240.29 लाख की लागत से कोतमा-निगवानी-बिजुरी मार्ग के लटगुड़ा नाला पर निर्मित पुल, 1083.79 लाख की लागत से जैतहरी-सिवनी-सेमरवार मार्ग के हसियां नाला पर निर्मित पुल, 898.33 लाख की लागत से राजेन्द्रग्राम-जैतहरी-कोतमा मार्ग में सोन नदी महुदा घाट पर निर्मित पुल, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग कार्यालय नगर परिषद अमरकंटक अंतर्गत 2115 लाख की लागत से बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 376.26 लाख की लागत से बनाए गए 10 कक्षों के शा.उ.मा.वि. बेलडोंगरी तथा 403.68 लाख की लागत से बनाए गए आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास जैतहरी, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 50 लाख की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में बनाए गए ब्लाक





पब्लिक हेल्थ यूनिट तथा 50 लाख की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुष्पराजगढ़ में बनाए गए ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री कन्या पूजन एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए और भण्डारा प्रसाद रसोई में अपनी सेवा भी दी। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री, अध्यक्ष मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण, कमिश्नर शहडोल संभाग, एडीजीपी, डीआईजी , कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर बनाने,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री का 108 कॉल सेंटर का निरीक्षण



भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को 108 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। राज्य मंत्री ने एकीकृत रेफेरल परिवहन प्रणाली आरआरटीएस को समझा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और उत्कृष्ट बनाने के लिए सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। पटेल ने सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि आने वाले कॉल पर पूर्ण संवेदनशीलता से चर्चा कर सेवाओं के प्रदाय में सहयोग प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि आरआरटीएस द्वारा प्रतिदिन लगभग 9000 प्रकरण अग्रेषित कर हितग्राहियों को एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाती है। लगभग 4000 प्रकरण बेसिक और एडवांस लाइफ सपोर्ट के और लगभग 5000 प्रकरण गर्भवती महिलाओं और बच्चों को एम्बुलेंस सेवा प्रदाय संबंधी होते हैं। शहरी क्षेत्रों में रिस्पांस टाइम 18 मिनट, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रिस्पांस टाइम 25 मिनट है। प्रदेश में 167 एडवांस लाइफ सपोर्ट, 835 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 1008 जननी एम्बुलेंस वाहन द्वारा सेवा प्रदाय की जा रही है। दिसंबर 2023 में 1 लाख 56 हज़ार 433 और जनवरी 2024 में 1 लाख 54 हज़ार 558 नागरिकों को एम्बुलेंस सेवा का प्रदाय आरआरटीएस के माध्यम से किया गया है। संचालक आरआरटीएस के.के. रावत एवं उप संचालक आरआरटीएस उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भरता का गुण विकसित करने का माध्यम है शिविरः डॉ. सीता सोनी



संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

गैरतगंज। शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष एवं महिला इकाई के विशेष साथ दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम करमोदी में हुआ, स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य थीम पर आयोजित शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठन डॉ. सीता सोनी और अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया इस अवसर पर डॉ. सोनी ने बताया कि विशेष शिविर हमें जहां एक ओर आत्मनिर्भरता सीखते हैं वहीं दूसरी ओर हमारे अंदर अनुकूलन और नेतृत्व की क्षमता को विकसित करते हैं शिविर के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभात दुबे ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में ग्राम में स्वच्छता जागरूकता एवं जन जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बौद्धिक सत्र में डॉक्टर अखिलेश सोनी ने शिविर में अनुशासन की महत्वता पर अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता कोषगोतिया द्वारा किया गया इस अवसर पर श्रीमती प्रभाति दुबे, डॉ. पुष्प लता ठाकुर, श्री आरबी सिंह, वरिष्ठ स्वयंसेवक भवानी चडार, कुमारी शिव श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र बैरागी, देवेंद्र चडार, श्री भूरा प्रसाद और स्वयंसेवकों के साथ गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दूरदर्शन पर प्रसारित प्रसिद्ध धारावाहिक उड़ान की 67 वर्षीय अभिनेत्री का निधन

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

जब टेलीविजन का दौर था तब दूरदर्शन पर एक धारावाहिक ने भारत की युवा लड़कियों पर कुछ ऐसा असर किया कि, सिर्फ़ शादी और पति के सपने देखने वालीं ये लड़कियां, जीवन में कुछ बनने के सपने देखने लगीं। उड़ान% के बाद कविता महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन गई थीं। ये वो दौर था जब फिल्मों और टेलीविजन सीरियल्स में महिलाओं को अक्सर घरेलु किरदारों में ही दिखाया जाता था।

वर्ष 1989-1991 तक चलने वाले इस धारावाहिक की कहानी देश की दूसरी महिला ढ्ढक्र अधिकारी कंचन चौधरी के जीवन से प्रेरित थी और इसमें मुख्य भूमिका अभिनेत्री कविता चौधरी ने निभाई थी । कविता, इससे पहले डेटर्जेंट पाउडर के विज्ञापन में ललिता जी के नाम से मशहूर हो गयी थीं। लेकिन, उड़ान धारावाहिक में, साधाराण परिवार की एक लड़की के आईपीएस अफसर बनने के सफर को, उन्होंने इतने बेहतरीन ढंग से निभाया था कि सबने उनके अभिनय की प्रशंसा की। कविता चौधरी ने %उड़ान% में






आईपीएस अफसर कल्याणी सिंह का रोल निभाया था। दिलचस्प बात तो यह है कि ढ्ढक्र कंचन चौधरी, कविता की ही बड़ी बहन थीं और कविता चौधरी ने ही इस धारावाहिक का लेखन ,निर्देशन भी किया था।16 फ़रवरी 2024 को 67 साल की उम्र में इस बेहतरीन अभिनेत्री ने दुनिया को अलविदा कह दिया। पर आज भी उनकी दी हुई प्रेरणा देश की करोड़ों लड़कियों के दिलों में ज़िंदा है।

# मोक्ष की और अग्रसर आचार्य श्री ,संसार के प्रत्येक जीव के कल्याण की भावना रखने वाले, जन-जन के भगवन आचार्य हुए ब्रह्मलीन

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के संल्लेखना पूर्वक समाधि लेने की खबर न सिर्फ जैन समाज के लिए बल्कि समूचे भारत और विश्व के लिए अपूरणीय क्षति है। युग दृष्टा ब्रहमांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज 17 फरवरी शनिवार तदनुसार माघ शुक्ल अष्टमी के दिन रात्रि में 2ः35 बजे हुए ब्रह्मलीन हो गए। परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत सल्लेखना बुद्धिपूर्वक धारण कर ली थी। पूर्ण जागृतावस्था में उन्होंने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन के उपवास गृहण करते हुए आहार एवं संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था एवं प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद कर दिया था और अखंड मौन धारण कर लिया था। 6 फरवरी मंगलवार को दोपहर शौच से लौटने के उपरांत साथ के मुनिराजों को अलग भेजकर निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागर जी से चर्चा





करते हुए संघ संबंधी कार्यों से निवृत्ति ले ली और उसी दिन आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने आचार्य पद के योग्य प्रथम मुनि शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागर जी महाराज को योग्य समझा और तभी उन्हें आचार्य पद दिया जावे ऐसी घोषणा कर दी थी।10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन जन्मे विद्यासागर 22 नवंबर 1972 को 26 वर्ष की आयु में मुनि विद्यासागर से आचार्यश्री बने थे। आचार्य श्री संस्कृत,प्राकृत और कई आधुनिक भाषाओं, हिंदी, मराठी, कन्नड़ के विशेषज्ञ थे। आचार्य श्री हिंदी और संस्कृत के लेखक भी रहे हैं। कई शोधकर्ताओं ने स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री के लिए उनके कार्यों का अध्ययन किया । भारत भूमि ऐसे अलौकिक संत के दर्शन, प्रेरणा, आशीष, स्पर्श और करूणा से धन्य हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैन संत आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि लेने पर गहरा दुख व्यक्त किया उन्होंने कहा कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है । प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए आचार्य जी के बहुमूल्य प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा । उन्होंने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य श्री के साथ अपनी मुलाकात को भी याद किया और कहा कि यह मुलाकात उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आध्यात्मिक चेतना के पुंज, विश्ववंदनीय संत शिरोमणि परमपूज्य आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की संलेखना पूर्वक समाधि सम्पूर्ण जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।आपका संयमी जीवन और महान विचार हमें सदैव सत्पथ पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधिपूर्वक निधन का समाचार सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। मेरे जीवन में आचार्य श्री का गहरा प्रभाव रहा, उनके जीवन का अधिकतर समय मध्यप्रदेश की भूमि में गुजरा और उनका मुझे भरपूर आशीर्वाद मिला। आचार्य श्री के सामने आते ही हृदय प्रेरणा से भर उठता था। उनका आशीर्वाद असीम शांति और अनंत ऊर्जा प्रदान करता था। उनका जीवन त्याग और प्रेम का उदाहरण है आचार्य श्री जीते जागते परमात्मा थे।उनका भौतिक शरीर हमारे बीच ना हो लेकिन गुरु के रूप में उनकी दिव्य उपस्थिति सदैव आस पास रहेगी।

# दलित समाज की बालिकाओं को मंदिर में भजन कीर्तन करने से रोका, जाति सूचक शब्दों का किया उपयोग, पुलिस द्वारा उनके कहे अनुसार नहीं लिखी रिपोर्ट,स्थानीय पुलिस अपराधियों को वचाने मे जुटी, बालिकाओं ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार ।।





**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़!**

उदयपुरा। तुम चमार हो तुम्हारी औकात ही क्या है। यह शब्द मंदिर के ठेकेदारों के हैं। उदयपुरा थाना के अंतर्गत बनखेड़ी गांव के श्री राम जानकी मंदिर में दलित समाज की बालिकाओं को मंदिर में जाने से रोका तथा भजन कीर्तन नहीं करने दिया, और जाति सूचक शब्दों का उपयोग कर जान से मारने की धमकी दी। मामला उदयपुरा थाना के अंतर्गत आवरिया का है जहां पर शिल्पी समाज की कुछ बालिका कहां के मंदिर में भजन कीर्तन करने जा रही थी तभी मंदिर में मेघराज मीणा ने दलित समाज की बालिकाओं को गाली-गलौज कर जाति सूचक शब्दों का उपयोग किया और कहा कि तुम्हारी औकात ही क्या है अपनी औकात में रहा करो। इन बातों को नजरअंदाज कर बालिकाओं ने मंदिर में प्रवेश किया तब भी मेघराज मीणा नहीं माना और उसने उनके हाथ से ढोलक छीन कर उनको मारने की कोशिश की इस दौरान बालिकाओं ने बचाव कर फिर उसने माइक की राड उठाकर उन पर हमला कर दिया और मंदिर का ग्राउंड में आकर उनको गाली गलौज देने लगा वह मंदिर से वापस आने लगे तब मेघराज मीणा के पुत्र धनराज मीणा, हाकम मीणा मलखान मीणा रास्ते में मिले। मलखान मीणा ने बोला तुम चमार हो तुम्हारी औकात में रहो। तुम चमार हो, मंदिर में जाने का तुम्हारा अधिकार नहीं है तव वालिकाओ ने थाने में जाने और शिकायत दर्ज करने की बात की तब मलखान मीणा ने बोला एक कॉल पर सब पुलिस वाले पानी भरते हैं। और यह बात कहीं ना कहीं सही होती दिखाई दे रही है । जब फरियादी सभी बालिकाएं थाना उदयपुरा पहुंची, उदयपुरा पहुंचकर उन्होंने थाने में सारी घटना बताई लेकिन पुलिस उदयपुरा द्वारा उनके कहे अनुसार रिपोर्ट दर्ज नहीं। और सिर्फ एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया अन्य अपराधियों को पुलिस द्वारा बचाया गया है । पुलिस उदयपुरा द्वारा कार्रवाई न करने पर समस्त दलित बच्चियों ऑटो से रायसेन एसपी पहुची और अपनी सारी समस्या बताई। और रायसेन पहुंचकर बच्चियों ने माननीय एसपी महोदय को अपना लिखित आवेदन दिया और न्याय की गुहार की, अब देखना यह है कि बच्चियों को न्याय मिल पाता है कि नहीं। एक तरफ मध्य प्रदेश शासन अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए उन पर हो रहा है अन्य अत्याचार के लिए तमाम प्रकार के नए-नए कानून बना रहे हैं और माननीय मुख्यमंत्री महोदय बेटियों का पूजन करते हैं दूसरी तरफ बेटियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है एवं छुआछूत कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है की । बालिकाओं द्वारा बताया गया कि हमें जान से मारने की धमकी एवं हमारे गांव में दुकानों पर खदान सामग्री व अन्य रोजमर्रा की चीजे ब हुक्का पानी बंद करने की धमकी दी है तथा हमारे मकानों को आग लगाकर गांव से भागने की धमकी दी है ।

# चिकित्सकों की लापरवाही से पत्रकार के पत्नी की मौत।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़!

**बरेली।** सिविल अस्पताल में पत्रकार की पत्नी को डिलीवरी हेतु भर्ती किया गया। जिन्होंने एक पुत्री को जन्म दिया। लेकिन पुत्री के जन्म के बाद चिकित्सकों की लापरवाही के चलते भोपाल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पत्रकार राजू विश्वकर्मा की पत्नी श्रीमती शिखा विश्वकर्मा को दोपहर समय डिलीवरी के लिए सिविल अस्पताल लाया, गया यहां उन्होंने सोमवार शाम 7ः00 बजे 3 किलो 8 ग्राम वजन की बच्ची को जन्म दिया। बच्चों के जन्म के बाद महिला की ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही थी। लगभग 5 घंटे बाद सीखा विश्वकर्मा को भोपाल एम्स ले जाने की सलाह सिविल अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा दी गई। लगभग रात्रि 12ः00 बजे पत्रकार अपनी पत्नी को लेकर एम्स हॉस्पिटल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्रकार राजू विश्वकर्मा और परिजनों का कहना है कि उनकी पत्नी की डिलीवरी अगर ऑपरेशन से होती तो शायद वह बच जाती लेकिन चिकित्सकों की लापरवाही के चलते उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ नरेंद्र शिवाजी पटेल के विधानसभा क्षेत्र में सिविल अस्पताल जैसी इमारत निर्मित है लेकिन यहां पर स्वास्थ्य सेवा पूर्ण रूप से लाचार होने के कारण मरीज को व्यवस्थित रूप से इलाज नहीं मिल पा रहा।



# आगाज़ मित्र बाल मजदूरी से संबंधित विषय पर रोक थाम के लिए स्कूलों में जाकर समझाइश दे रहे हैं।



**उदयपुरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वधान में जिला रायसेन से आगाज मित्र हल्केवीर अहिरवार बाल मजदूरी से संबंधित विषयों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने और बच्चों को इस अभिशाप से निकालने के लिए ग्रामीण स्तर पर तथा स्कूली स्तर पर जा जाकर बाल मजदूरी से संबंधित मुद्दों पर अपनी बात रख रहे हैं। हमारे प्रदेश में बाल मजदूरी एक बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। इस मुद्दे को समाप्त करने तथा बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आगाज मित्र स्कूलों में तथा ग्रामीण स्तरों में जाकर बच्चों को बाल मजदूरी से संबंधित विषयों पर समझाइश दे रहे हैं। एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला चीकली, शासकीय माध्यमिक शाला इटूआ, शासकीय माध्यमिक शाला बेरखेड़ी में बच्चों के साथ बाल मजदूरी से संबंधित विषयों पर सत्र लिए और संबंधित बच्चों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण नंबर भी नोट करवाए।

# मजदूर संघ का हुआ नए सिरे से गठन



**संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र 6263301848**

भोपाल - आज नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ के कुलदीपसिंह जी गुर्जर का अभिनंदन श्री वसंत जी पुरोहित पूर्व अध्यक्ष म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति , श्री विनोद जी रिछारिया सदस्य अप्रवासी मजदूर आयोग संग कार्यालय भारतीय मजदूर भोपाल में लिया गया।उन्हे बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी गई।साथ में श्री मुरारीलाल जी सोनी पूर्व भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष रायसेन ,प्रदेश विभागीय शिक्षा समिति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष म. प्र.राज्य कर्मचारी संघ भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा पौधे रोप कर जन जन को दिया हरियाली का संदेश

**संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र6263301848**

राजधानी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज स्मार्ट सिटी पार्क, भोपाल में पौधरोपण और ट्री वॉक कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद श्री वीडी शर्मा समेत अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों के साथ सहभागिता कर पौधे रोपे।

Dr Mohan Yadav
Shivraj Singh Chouhan
VD Sharma



# नई पहल शिक्षक द्वारा रविवार के दिन मोहल्ला क्लास लगाकर बच्चों को कराई जा रही है परीक्षा की तैयारी

**संवाददाता हेमंत शाक्य--संपर्क 6263301848**

**शिक्षक द्वारा किया जा रहा है अनूठा नवाचार**

**प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का किया जा रहा है प्रयास**

सुल्तानपुर। समाज का शिक्षित होना बहुत जरूरी है ।यदि समाज शिक्षित होगा तो देश का विकास होगा । हर बच्चा स्कूल चले और पढ़लिखकर एक अच्छा इंसान बने ,एवं शिक्षा के प्रति समाज के लोग जागरूक बने ,सब पढ़ें, सब बढ़े के भाव को साकार करते हुए प्राथमिक शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा बच्चों की परीक्षा की तैयारी को लेकर रविवार के दिन मोहल्ला कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जिससे बच्चों का कोर्स पूरा हो सके एवं वे अपनी मूलभूत दक्षताओं को प्राप्त कर सकें । शिक्षक द्वारा अपने विद्यालय के कक्षा एक से पाँच तक के बच्चों को सीखने सिखाने का कार्य करवाया जा रहा है बच्चे भी रुचि लेकर सीख रहें है एवं उनकी कठिनाइयों को हल करवाया जा रहा है शिक्षक सुशील शर्मा का कहना है कि बी एल ओ डयूटी के कारण बच्चों को पढ़ाई अवरुद्ध होने के कारण अतिरिक्त समय में विद्यालय गतिविधियों के साथ साथ मोहल्ला कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा है जिससे बच्चे समय का सदुपयोग कर सकें ।शिक्षक द्वारा शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर अभिभावकों द्वारा प्रशंसा की गई है ।



# राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने ली समाधि

संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र 6263301848



इंदौर। समाचार सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। मेरे जीवन में आचार्य श्री का गहरा प्रभाव रहा, उनके जीवन का अधिकतर समय मध्यप्रदेश की भूमि में गुजरा और उनका मुझे भरपूर आशीर्वाद मिला आचार्य जी के सामने आते ही हृदय प्रेरणा से भर उठता था। उनका आशीर्वाद असीम शांति और अनंत ऊर्जा प्रदान करता था। उनका जीवन त्याग और प्रेम का उदाहरण है आचार्य जी जीते जागते परमात्मा थे।उनका भौतिक शरीर हमारे बीच ना हो लेकिन गुरु के रूप में उनकी दिव्य उपस्थिति सदैव आस पास रहेगी।

आचार्य जी शीघ्र ही परमपद सिद्धत्व को प्राप्त हों।

गुरुवर के चरणों मे शत शत नमन

नमोस्तु भगवन!

# मध्यप्रदेश को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है प्रदेश का नाम




संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र 6263301848

भोपाल। आओ धरती को सुंदर बनाएं एक बार फिर वृक्ष और एक पौधा जरूर लगाएं... पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 फरवरी 2024 को भोपाल में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन हुआ। आइए, प्रकृति की सेवा के इस महापर्व में सहभागिता आप सभी भी अवश्य कीजिए।

# शिवरात्रि और होली से पहले बहनों को तोहफा

संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र6263301848




मध्यप्रदेश में लाड़ली बहनों के लिए सरकार द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना के अंर्तगत होली के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा होली के त्यौहार को विशेष रूप से मनाएं जानें के लिए राशि का होगा वितरण सभी बहनों के खातों में पहुंचेगी राशि, बहनों के लिए एक बार फ़िर खुशी।

# जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया सुन्दरकाण्ड और भजन कीर्तन का विशेष आयोजन

संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र6263301848

सुल्तानपुर-ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर के सरपंच/सहा.सचिव सेवंति सन्तोष शाक्या के पुत्र का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन स्वरूप यह एक विशेष कार्यक्रम के रुप में मनाया गया।उन्हें वर्ष 2023 में ग्राम पंचायत के चुनाव में जीत हासिल हुई और एक खुशी और बधाई के लिए किया आयोजन। जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया सुन्दरकाण्ड और भजन कीर्तन एवं भोजन प्रसादी का विशेष आयोजन ।कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासियों को निमंत्रण एवं सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई।



# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने राजस्थान के अजमेर शहर के मेयो कॉलेज में आयोजित वर्ड काउंट-2024 कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

पूर्व मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का आनंद लिया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।







संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क सूत्र 6263301848

बच्चों के बीच रहना, उनसे बातें करना और अपने अनुभव से नई-नई बातें बताना मुझे अत्यंत प्रिय है। बच्चों से निरंतर संवाद से मुझे नई ऊर्जा भी मिलती है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि आने वाली सदी भारत की है क्योंकि हमारे सामने ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है जो असीम संभावनाओं तथा अद्वितीय प्रतिभा से संपन्न है। आज राजस्थान के अजमेर शहर के मेयो कॉलेज में आयोजित वर्ड्स काउंट-2024 कार्यक्रम के दौरान बच्चों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की और उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी दीं। शिवराज सिंह चौहान

# मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा हैः ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**भोपाल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्वालियर में आयोजित शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा है, हम सेवक हैं आपकी सेवा ईमानदारी से करेंगें। जगह जगह कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ आप तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही कहा कि ग्वालियर विधानसभा में हजारों परिवारों को निशुल्क राशन मिल रहा है। शिविर के नोडल अधिकारी ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 03 वार्ड नंबर 15 के अंतर्गत जती की लाइन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य के 1650, पीएम स्वनिधि 98, आयुष्मान 107, उज्वला योजना के 117, आधार कार्ड 126 सहित कुल 4629 हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड 5 बदनापुरा में आयोजित शिविर में 5030 हितग्राहियों ने लाभ लिया। शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उज्वला योजना एवं आयुष्मान कार्ड योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया।



## शिविर में आये हितग्राहियों की सुनी समस्या

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शिविर में आये बडी संख्या में हितग्राहियों की समस्या बारी बारी से उनके पास जाकर सुनी। कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित ही करा दिया गया तथा कुछ समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# प्रदेश में ईवीएम एफएलसी का कार्य पूर्ण


भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के अंतर्गत प्रदेश में ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) प्रक्रिया कार्य मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण हो गया है। ईवीएम मशीनों की एफएलसी बेहतर तरीके से हो, इसके लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों द्वारा पर्यवेक्षण किया गया। साथ ही कार्यालय के अधिकारियों व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण भी किया गया।



## छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सामाजिक मासिक पत्रिका

**(सतनाम संदेश) के फरवरी 2024 के अंक में प्रकाशित हुआ मेरी रचना (सच्चा अनुयाई) पत्रिका के संपादक मंडल को सादर आभार,जय सतनाम**

नई पीढ़ी अब भटके मत
मर्म समझे सतनाम का ।
शांति का प्रतिक स्वेत झंडा
समझे महत्व जैतखाम का ।


पिता
सच्चा अनुयाई
सतनाम संदेश
फरवरी 2024 24

### सच्चा अनुयाई

सतनाम की सच्चाई बतलाता
जो काबिल है विश्वास का ।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।

1
रोम-रोम में मेरे बसा है
गुरु वचन का सार ।
तन-मन में तरंगें मारता
प्रेम बंधुत्व का तार ।
दुखिया, मजलूमों के लिए
एक किरण हूं आस का ।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का।

2
सच बोलने से मै नहीं डरता
झूठ का महल गिराता हूं ।
उंचनीच और भेदभाव ही
कड़वा जहर है समझाता हूं।
अंधेरें को दूर भगाता मैं
हूं सूरज उजास का ।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।

3
मानव-मानव है एक समान
यह संदेश फैले चहुंओर।
नारी को सम्मान मिले तो
होंगे वे भी सबल सजोर ।
कपटी लोग अब खेल ना पाए
कोई पत्ता नहीं मै ताश का।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।

4
जैतखाम जैसा मेरा संकल्प
आकाश से उंचा पावन है ।
स्वेत झंडा सा मेरा आचरण
निश्छल और मनभावन है ।
दुनिया को मनवाकर रहुंगा
सतनामी फूल आकाश का ।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।

5
कुछ लोग कहते हम उंचा है
बाकी सब लोग हैं नीचा ।
अहंकार उनका जल जायेगा
बनायेंगे ऐसा बगीचा ।
अन्याई अत्याचारियों का
कारण बनूंगा नाश का ।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।

6
अपरंपार सतनाम धर्म है
कागज मे लिखा ना जाए।
आग पानी -धूप वायु जैसे
कण-कण में है समाए ।
भटक हुए सब आयेंगे वापस
ऐसा छांव है उल्लास का।
सतनाम की सच्चाई बतलाता
जो काबिल है विश्वास का
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।
हां मैं हूं सच्चा अनुयाई
बाबा गुरु घासीदास का ।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# वसुधैव कुटुम्बकम का विचार और पंचपर्ण की शपथ कलाकारों ने दर्शकों को भी दिलाई





21/02/2024 राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सँयुक्त आयोजन में भारत रंग महोत्सव - 2024 के अंतर्गत संस्था - यामिनी कलचरल एवं वेलफेयर सोसाइटी ,ग्रुप के कलाकारों द्वारा नाटक सोने की चिड़ियाका मंचन - समता चौक न्यू मार्केट में किया गया ।

**इस नाटक का निर्देशन-** रवींद्र मोरे ने किया नाटक फेसबुक पर लाईव प्रदर्शित, इस नाटक में अभिनय इमरान ,दधन्नूलाल , राजेन्द्र रवि पंकज इत्यादि।

**नाटक का सार -** नाटक की शुरुआत होती है । मंडली के एक गीत से गीत - खत्म हुई अब दुख की घड़ियां जोड़ेगे सब टूटी कड़ियाँ.... नाटक के माध्यम से बताया गया है कि भारत देश कैसे विकसित राष्ट बनेगा भारत का जो विचार हैं। वसुधैव कुटुम्बकम वो कैसे साकार होगा इसी तरह हम समाज के बुराईयो को कैसे खत्म करें और समाज की बुराइयों को देखकर हम एक नाटक तयार कर सकते हैं ।जिससे लोगों का मनोरंजन भी होगा और वह जागरूक भी होंगे । नाटक में बताया है कि हम विश्वगुरू बनकर नेतृत्व करेग और विश्वगुरु बनकर आगे बढ़ेंगे और एकजुटता का संदेश नाटक के माध्यम से दिया ।

## निरस्त आधार कार्डों को अगले 24 घंटे में किया जाएगा सक्रिय

हुगली। गत कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में कई लोगों के आधार कार्ड के निरस्तीकरण की खबरें आ रही थी। इसको लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर हुई थी और उन्होंने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक विशेष पोर्टल शुरू करने की भी बात कही थी जिस पर वे लोग शिकायत कर सकेंगे जिनके आधार निरस्त हो गए हैं। इस मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा भी बैक फुट पर थी। उसको अगले 24 घंटे में चालू कर दिया जाएगा। अपने आधिकारिक एक हैंडल पर शुभेंदु ने लिखा, कि मैं माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव का यूआईडीएआई रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आधार कार्डों को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया को वापस लेने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

# 30,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे पीएम

**नई दिल्ली,**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जम्मू का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान राज्य में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री 20 फरवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे, जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक सार्वजनिक समारोह में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल, सड़क, विमानन, पेट्रोलियम, नागरिक बुनियादी ढांचे सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के करीब 1500 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री 'विकसित भारत, विकसित जम्मू' कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

राष्ट्र को समर्पित प्रमुख परियोजनाओं में आईआईटी जम्मू, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), विजयपुर (सांबा), जम्मू का उद्घाटन शामिल है। प्रधानमंत्री जम्मू हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किलोमीटर) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन सहित विभिन्न रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन और बारामूला स्टेशन के बीच ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री जम्मू को कटरा से जोड़ने वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के दो पैकेज (44.22 किलोमीटर) सहित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जम्मू में सीयूएफ (कॉमन यूजर फैसिलिटी) पेट्रोलियम डिपो विकसित करने की परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे।

**बयान | कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के साथ नगर में पहुंचे**

# मोदी नहीं, उनके पास बैठे 90 लोग चलाते हैं देशः राहुल गांधी

**प्रतापगढ़,**




कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते हैं, वह सिर्फ भाषण देते हैं। उनके पास बैठे 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ नगर में पहुंचे हैं। लालगंज के सांगीपुर में कांग्रेस सांसद गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जब पैदा हुए तो वह जनरल कैटेगरी में थे। वर्ष 2000 में उनकी कास्ट को ओबीसी में डाल दिया गया था। यह जो बात आपको बता रहा हूं, वह आपको हिन्दुस्तान के टेलीवीजन पर नहीं दिखेगा। उन्होंने कहा कि सामान्य जाति के कितने गरीब, आदिवासी, दलित और ओबीसी के पास कितना धन है, यह नहीं पता। यह तब पता चलेगा जब इकोनॉमी आर्थिक सर्वे होगा। सच्चाई तब सामने आएगी कि पिछड़ों के पास कितना धन है, अमीर जनरल कास्ट और अरबपतियों के पास कितना धन है, जिस दिन ऊपर लिख दिया जाएगा, उस दिन सारे के सारे बब्बर शेर जाग जाएंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते**

कांगेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते। 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं। नरेन्द्र मोदी के पास बैठे यही लोग डिसाइड करते हैं कि बजट का पैसा कहां जाना है। आपके प्रधानमंत्री को इसके बारे में समझ नहीं है, वह सिर्फ भाषण करना जानते हैं। अदाणी और अंबानी ने उन्हें वहां बैठाया है। जनरल कास्ट के गरीब व्यक्ति को भी उसका अधिकार नहीं दिया।

इस दौरान राहुल गांधी ने कई युवाओं और मीडियाकर्मियों से उनके नाम पूछे। राहुल ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में अदाणी का चेहरा दिखा, ऐश्वर्या और अमिताभ को देखा। किसी किसान, मजदूर को देखा। देश की राष्ट्रपति आदिवासी हैं, उनका आपने राम मंदिर में चेहरा देखा, क्यूं नहीं देखा। मीडिया वाले कुछ भी कर लें, इस तूफान को अब नहीं रोका जा सकता। युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज नहीं तो कल, 73 फीसदी जग जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि देश में 50 फीसदी ओबीसी और 15 फीसदी दलित रहते हैं। वहीं आदिवासियो की संख्या 8 फीसद है। मोदी सरकार इन सभी लोगों को शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरा काम 73 फीसदी को सोने की चिड़िया में से धन दिलवाने का है, आपको आपका अधिकार दिलाकर रहूंगा। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रतापगढ़ की सीमा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उनकी यात्रा जिला मुख्यालय से होकर लीलापुर, सगरा, लालगंज से होकर घुईसरनाथ और सांगीपुर होकर निकली। लालगंज के सांगीपुर में लोगों को संबोधित करने के बाद राहुल गांधी अपनी यात्रा के साथ अमेठी के लिए रवाना हो गए। इस यात्रा में उनके साथ वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, इमरान प्रतापगढ़ी, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधान मण्डल दल नेता आराधना मिश्रा मोना आदि मौजूद रहे।

# फ्लाइट में पैसेंजर ने क्रू मेंबर को घूंसा मारा

- **टॉयलेट में तोड़फोड़ की, ब्रिटेन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर गिरफ्तार**

लंदन, एजेंसी

बैंकॉक से ब्रिटेन के हीथ्रो जा रही थाई एयरवेज की फ्लाइट में एक ब्रिटिश पैसेंजर ने क्रू मेंबर को घूंसा मार दिया। उसने प्लेन के टॉयलेट में तोड़फोड़ भी की। साथ ही जोर-जोर से चिल्लाने लगा। इसके बाद उसे हीथ्रो एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 7 फरवरी की बताई जा रही है। हालांकि, इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें 35 साल का ब्रिटिश नागरिक फ्लाइट में हिंसा करता नजर आ रहा है।

घटना का वीडियो फ्लाइट में मौजूद एक महिला ने बनाया। उसने कहा, 'ब्रिटिश नागरिक अपनी सीट से उठा और टॉयलेट में घुस गया। कुछ देर बाद टॉयलेट के अंदर से तोड़फोड़ की आवाज आने लगी। फिर शख्स जोर-जोर से उसका दरवाजा पीटने लगा। दरवाजा टूटने लगा। दरवाजे में लगे बोल्ट निकल गए। इसके बाद वह बाहर आया। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो हाथापाई करने लगा। गालियां देने लगा। इस बीच एक क्रू मेंबर आया। शख्स ने उसे घूंसा मार दिया। वो जमीन पर गिर गया। उसकी नाक में चोट आई।

घटना के दौरान एक अन्य क्रू मेंबर ने अनाउंस किया कि अगर पैसेंजर शांत नहीं होता है, तो फ्लाइट को दुबई डायवर्ट किया जाएगा। हाथापाई और तोड़फोड़ के बाद दो अन्य पैसेंजर्स ने शख्स को पकड़ा और उसे सीट पर बैठाया। इसके बाद फ्लाइट को डायवर्ट किए बिना हीथ्रो एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। पूरे सफर के दौरान दो पैसेंजर्स शख्स को पकड़कर बैठे रहे।

# ब्राजील के राष्ट्रपति बोले, नेतन्याहू नरसंहार कर रहे

**आरोप-प्रत्यारोप**

- **हिटलर ने ऐसा जुल्म यहूदियों पर ढाया था, इजराइल प्रधानमंत्री का जवाब- यह टिप्पणी शर्मनाक**

ब्राजिलिया, एजेंसी

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा का कहना है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में नरसंहार कर रहे हैं। 7 अक्टूबर को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग में 28 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों के मौत के बाद लूला डा सिल्वा ने कहा- नेतन्याहू गाजा में नरसंहार कर रहे हैं। जैसा जुल्म वो फिलिस्तीनियों पर कर रहे हैं वैसा हिटलर ने यहूदियों पर किया था। गाजा में इजराइली ऑपरेशन होलोकास्ट जैसा है।

होलोकास्ट इतिहास का वो नरसंहार था, जिसमें छह साल में तकरीबन 60 लाख यहूदियों की हत्या कर दी गई थी। इनमें 15 लाख तो सिर्फ बच्चे थे। ये नरसंहार तब हुआ जब जर्मनी की सत्ता पर एडोल्फ हिटलर काबिज थे। ब्राजीलियन राष्ट्रपति के इस बयान को इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शर्मनाक बताया। इसको लेकर इजराइल में मौजूद ब्राजील के राजदूत को तलब किया गया है।



इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में आयोजित अफ्रीकन यूनियन समिट में लूला ने इजराइल-हमास जंग पर चर्चा की। उन्होंने जंग और नरसिंहार के बीच का अंतर बताया। उन्होंने कहा- जंग दो देशों के सैनिकों के बीच होती है। लेकिन गाजा में सैनिक फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों पर हमला कर रहे हैं। ये नरसिंहार है।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला किया था। इसे 'अल-अक्सा फ्लड' ऑपरेशन नाम दिया। इसके जवाब में इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ 'सोड्र्स ऑफ आयरन' ऑपरेशन शुरू किया।

हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ ने कहा था- ये हमला यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। दरअसल, इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंके थे। वहीं, हमास के प्रवक्ता गाजी हामद ने अल जजीरा से कहा था- ये कार्रवाई उन अरब देशों को हमारा जवाब है, जो इजराइल के साथ करीबी बढ़ा रहे हैं। हाल ही के दिनों में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अमेरिका की पहल पर सऊदी अरब इजराइल को देश के तौर पर मान्यता दे सकता है।

मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है। गाजा पट्टी इजराइल और मिस्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है। सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

**PAK** | **दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट; 6 देशों का पासपोर्ट सबसे पावरफुल**

# पासपोर्ट रैंकिंग, भारत 5 पायदान फिसलकर 85वें स्थान पर

**जानकारी**

- **पाकिस्तान की पासपोर्ट रैंकिंग 106 है। यहां के नागरिक 34 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं।**

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत का पासपोर्ट कमजोर होता नजर आ रहा है। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाले ऑर्गेनाइजेशन हेनली एंड पार्टनर्स ने 2024 के लिए पासपोर्ट इंडेक्स जारी किया है।

रैंकिंग में भारत 5 पायदान फिसलकर 85वें स्थान पर आ गया है। 2023 में भी भारत 80वें स्थान पर था। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल भारतीय 5 ज्यादा देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। 2023 में भारत के लोग 57 देशों में बिना वीजा ट्रैवल कर सकते थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 62 हो गया है।

वहीं, दुनिया में 6 देशों के पास सबसे पावरफुल पासपोर्ट है। इनमें जापान, सिंगापुर, स्पेन, फ्रांस, इटली और जर्मनी शामिल हैं। ये रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के डेटा पर आधारित है।

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के पास दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाकिस्तान की पासपोर्ट रैंकिंग 106 है। यहां के नागरिक 34 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। करीब 2 साल से जारी जंग के बावजूद यूक्रेन का पासपोर्ट न सिर्फ भारत, बल्कि रूस के पासपोर्ट से भी ज्यादा पावरफुल है। हेनली एंड पार्टनर्स की रैंकिंग में यूक्रेन के पासपोर्ट को 31वां स्थान मिला है। यहां के नागरिक 148 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। वहीं रूस के पासपोर्ट की रैंकिंग 53 है। रूसी नागरिक 119 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। 3 महीने से हमास के साथ युद्ध लड़ रहे इजराइल की पासपोर्ट रैंकिंग 20 है।




पासपोर्ट रैंकिंग में शुरुआती 5 पायदान पर यूरोपियन देशों का दबदबा है। इसमें दूसरे स्थान पर फिनलैंड, स्वीडन और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक बना वीजा के 193 देशों में ट्रैवल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड और नीदरलैंड के पासपोर्ट को थर्ड रैंकिंग मिली है।

पावरफुल पासपोर्ट के मामले में सबसे ऊंची छलांग UAE ने लगाई है। इस देश ने 2014 के बाद से अपने वीजा-फ्री स्कोर में 106 देशों को जोड़ा है, जिसके साथ 2024 के फर्स्ट हाफ के लिए UAE की पासपोर्ट रैंकिंग 12 रही है। वहीं अमेरिका का पासपोर्ट 6वें और ब्रिटेन का तीसरे स्थान पर है। चीन की पासपोर्ट रैंकिंग 64 है।

अफगानिस्तान का पासपोर्ट 109th रैंक के साथ दुनिया का सबसे कमजोर पासपोर्ट है। हेनली एंड पार्टनर्स के चेयरमैन क्रिश्चियन कैलिन ने कहा- 2006 की तुलना में अब यात्री दोगुने देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। 2006 में औसत तौर पर यात्रियों के पास 58 देशों में बिना वीजा ट्रैवल करने की मंजूरी थी। 2024 में यह संख्या बढ़कर 111 हो गई है।

साल में दो बार यह रैंकिंग जारी की जाती है। पहली बार जनवरी और दूसरे बार जुलाई में इंडेक्स जारी किए जाते हैं। हेनली पासपोर्ट वीजा इंडेक्स की वेबसाइट के मुताबिक- पूरे साल रियलटाइम डेटा अपडेट किया जाता है। वीजा पॉलिसी में बदलाव भी ध्यान में रखे जाते हैं।रैंकिंग इस आधार पर तय की जाती है कि किसी देश का पासपोर्ट होल्डर कितने दूसरे देशों में बिना पूर्व वीजा (prior visa) हासिल किए यात्रा कर सकता है। इसके लिए उसे पहले से वीजा लेने की जरूरत नहीं होगी।

# पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या

**रिपोर्ट**

- **शादी समारोह में गोली मारी गई; बॉडीगार्ड ने हमलावर को मार गिराया**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या कर दी गई। एक शादी समारोह में उसे गोली मारी गई। इस दौरान हमलावर भी मारा गया। अमीर बलाज टीपू माल परिवहन नेटवर्क का मालिक था।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, अमीर का लाहौर के साथ-साथ पूरे पाकिस्तान में भी रुतबा था। उसके पिता आरिफ अमीर और दादा बिल्ला ट्रकानवाला भी गैंगस्टर थे। 2010 में उसके पिता की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, एक अज्ञात हमलावर ने 18 फरवरी को लाहौर के चुंग इलाके में शादी समारोह के दौरान बालाज टीपू को गोली मार दी थी। दो अन्य मेहमानों को भी गोली लगी। वे गंभीर रूप से घायल हुए।

अमीर बलाज का रुतबा इतना था कि उसके इर्द गिर्द हमेशा बंदूकधारी गार्ड रहते थे। ये बॉडीगार्ड शादी समारोह में भी थे। हमलावर के गोली चलाने के बाद इन गार्ड ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें हमलावर मारा गया।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमीर बालाज टीपू को घायल स्थिति में जिन्ना अस्पताल भर्ती कराया गया था। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद बालाज की मौत हो गई। इसके बाद उसके समर्थक अस्पताल में जमा हो गए।

लाहौर में हुई घटना के बाद पाकिस्तान पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है। घटना की जांच की जा रही है। पुलिस की पहली कोशिश है हमले के पीछे के मकसद का पता लगाया जाए, फिर हमलावर की पहचान की जाए। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने किसी को भी

# चीन बोला- हमारे स्टूडेंट्स को परेशान करना बंद करे अमेरिका

- **डॉक्यूमेंट्स होने के बावजूद एयरपोर्ट पर सख्त पूछताछ करते हैं, छात्रों को वापस भेजते हैं**

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अमेरिका से कहा है कि वो चीनी छात्रों को परेशान करना बंद करे। ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में दोनों देशों के नेताओं-अधिकारियों की मुलाकात हुई।

इस दौरान चीन के पब्लिक सिक्योरिटी मिनिस्टर वांग शियाओहोंग ने अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी एलेजांद्रो मयोरकास से कहा- अमेरिकी एयरपोर्ट पर चीनी छात्रों से डॉक्यूमेंट्स होने के बावजूद सख्त पूछताछ की जाती है। कई बार तो उन्हें वापस चीन भेज दिया जाता है। बिना मतलब इतनी सख्ती बरतना सही नहीं है। चीन के मंत्री ने कहा- अमेरिका हमारे स्टूडेंट्स को परेशान करना बंद करे और यह सुनिश्चित करे कि चीनी नागरिकों-छात्रों को बिना भेदभाव और सम्मान के साथ एंट्री मिले।

अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हालिया साल में चीनी नागरिकों ने अमेरिका में टूरिस्ट बनकर जासूसी की है। फरवरी 2023 में अमेरिका ने चीन के एक स्पाय बैलून को मार गिराया था। रिपोर्ट के मुताबिक- चीन के नागरिक अमेरिका में खुफिया जानकारी जुटाते हैं और बाद में इसे चीन पहुंचा देते हैं।

अमेरिका चीन से दवाएं इम्पोर्ट करता है। चीन से एक्सपोर्ट होने वाली दवाओं में काफी मात्रा में फेंटानिल होता है। अमेरिका ने हाल ही के दिनों में चीन पर आरोप लगाए थे कि वो फेंटानिल वाली दवाओं से अमेरिका में नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहा है। US में फेंटानिल ड्रग के इस्तेमाल से हर साल 70 हजार से ज्यादा लोगों की मौत होती है।

# 35 की उम्र के बाद चेहरे पर जरूर लगाएं सीरम



आजकल फिटनेस और चेहरा देखकर किसी की उम्र का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। खासतौर से बॉलीवुड एक्ट्रेस इस मामले में सबसे ज्यादा मात दे रही हैं। 50 साल की एक्ट्रेस 30 साल से भी कम लगती है। इसकी वजह है उनकी स्किन जिसका वो खास ख्याल रखती हैं। आपको भी लंबे समय तक जवान बने रहने के लिए त्वचा का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप 30 पार कर चुकी हैं तो और 35 साल की होने वाली हैं तो अपने स्किन केयर रुटीन में एक चीज जरूर शामिल कर लें। ये है स्किन को लंबे समय तक जवान बनाए रखने वाला फेस सीरम। रोजाना रात में चेहरे पर सीरम लगाने से एजिंग को कम किया जा सकता है। डॉक्टर भी फेस पर सीरम लगाने की सलाह देते हैं। फेस को ग्लोइंग बनाए रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। सीरम लगाने से स्किन पर मौजूद सभी इम्प्यूरिटीज़ दूर हो जाती है। सीरम में पाया जाने वाला सैलिसिलिक एसिड स्किन को एक्सफोलिएट करता है और नमी बनाए रखता है। सीरम का उपयोग करने से ओपन पोर्स और लार्ज पोर्स कर समस्या कम होती है। इससे पिंपल्स की समस्या भी खत्म हो जाती है।

**कब लगाना चाहिए फेस पर सीरम**

एक्सपर्ट की मानें तो सीरम का इस्तेमाल करने से त्वचा को एक प्रोटेक्टिव लेयर मिलती है, जो विटामिन्स और मिनरल्स से भरी सेफ लेयर होती है। सीरम लगाने से स्किन की टाइटनिंग बढ़ती है और एर्ली एजिंग को कम किया जा सकता है। सीरम को रात में लगाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। रात में फेस को क्लीन करके साते वक्त चेहरे पर सीरम अप्लाई करना चाहिए। इससे स्किन सेल्स रिपेयर होती हैं और त्वचा मुलायम बनती है। वैसे तो आजकल मार्केट में कई तरह के सीरम मिलने लगे हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट से सलाह लेकर और अपनी स्किन टाइप के हिसाब से ही सीमर चुनें। इससे आपकी त्वचा को ज्यादा फायदा मिलेगा। वैसे जिस सीरम में विटामिन सी और विटामिन ई पाया जाता है वो त्वचा के लिए अच्छे होते हैं।

# ब्लड शुगर कंट्रोल में रखने के लिए खाएं ड्रैगन फ्रूट






तेजी से बढ़ते मोटापे की वजह से लोगों को आज कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पोषण की कमी लोगों को डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। लाइफस्टाइल में बदलाव के कारण डायबिटीज के रोगों में तेजी से इजाफा हो रहा है। डायबिटीज में रोगी की डाइट में आवश्यक बदलाव किए जाते हैं। इसके साथ ही, शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने की सलाह दी जाती है। डाइटिशियन शिवाली गुप्ता के अनुसार डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए ड्रैगन फ्रूट (Dragon Fruits For Diabetes) का सेवन किया जा सकता है। इससे बल्ड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। साथ ही, संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है। आगे जानते हैं डायबिटीज में ड्रैगन फ्रूट खाने के फायदे।

**डायबिटीज में ड्रैगन फ्रूट खाने के फायदे**

**कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स**

ड्रैगन फ्रूट में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है। डायबिटीड के रोगियों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। जिन आहार का जीआई इंडेक्स कम होता है, वह डायबिटीज के लिए फायदेमंद होते हैं। ड्रैगन फ्रूट खाने से ब्लड शुगर के स्तर में अचानक वृद्धि का खतरा कम हो जाता है।

**फाइबर से भरपूर**

फाइबर डायबिटीज के लिए रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। इससे आपकी भूख शांत होती है और आपको बार-बार खाने की आवश्यकता नहीं होती है। ड्रैगन फ्रूट में फाइबर पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को बेहतर करते हैं और डायबिटीज को कंट्रोल (control diabetes) करने में मदद करते हैं। इससे कब्ज, पेट फूलना, गैस और एसिडिटी में भी आराम मिलता है।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर**

डायबिटीज अक्सर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस (टिश्यू डैमेज की वजह बनने वाली प्रक्रिया) के साथ होता है, जिसमें फ्री रेडिकल्स और एंटीऑक्सीडेंट के बीच असंतुलन होता है। ड्रैगन फ्रूट में विटामिन सी, बीटालेंस और फ्लेवोनोइड सहित एंटीऑक्सिडेंट (Antioxidants) मौजूद होते हैं। ये कंपाउंड फ्री रेडिकल्स को नष्ट करते हैं। साथ ही, शरीर की सूजन (Inflammation) को कम करते हैं। डायबिटीज रोगियों को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाने के लिए डाइट में ड्रैगन फ्रूट को शामिल करें।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए बेहतर**

डायबिटीज के रोगियों को हृदय संबंधी समस्याएं (Heart Problem in Diabetes) हो सकती हैं। ड्रैगन फ्रूट में मैग्नीशियम और ओमेगा 3 फैटी एसिड जैसे विटामिन हृदय स्वास्थ्य को बेहतर करता है। इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। डायबिटीज की वजह से लोगों को हृदय संबंधी रोग और ब्लड प्रेशर की समस्या का जोखिम अधिक होता है।

**वजन कम करने में सहायक**

मोटापे की वजह से डायबिटीज के साथ ही अन्य बीमारियों का जोखिम अधिक होता है। मोटापे का कारण इंसुलिन बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसे में ड्रैगन फ्रूट के नियमित सेवन से आप मोटापे को कंट्रोल (Excessive Weight) कर सकते हैं। इसमें मौजूद फाइबर की वजह से आपको भूख कम लगती है, जिससे मोटापा कंट्रोल में रहता है।

ड्रैगन फ्रूट के साथ ही अन्य फ्रूट्स के सेवन से आप डायबिटीज को कंट्रोल कर सकते हैं। डायबिटीज में चीनी और इससे बनने वाली चीजों से दूरी बनाएं। साथ ही, डायबिटीज पर स्तर पर जांच करते रहें। यदि आपको ज्यादा आलस, थकान व कमजोरी महसूस होती है, तो ऐसे में तुरंत डॉक्टर से मिलें। इसके अलावा, योग व एक्सरसाइज को लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं

# कोलकाता शहर को कहा जाता है London of India



कोलकाता शहर को भारत का लंदन कहा जाता है। दरअसल, ये पूरा शहर लंबे समय तक ब्रिटिश साम्राज्य की राजधानी रही जहां बहुत सारी चीजें लंदन जैसी महसूस होंगी। क्योंकि कोलकाता ब्रिटिश भारतीय राजधानी थी, कोलकाता की अधिकांश विरासत इमारतें और चर्च अंग्रेजों द्वारा बनाए गए या उनके द्वारा डिजाइन किए गए हैं, जो लंदन के समान है। वास्तव में आप हर सड़क पर एक ब्रिटिश और स्कॉटिश वास्तुकला की इमारत पा सकते हैं जो आपको लंदन जैसा अनुभव देगी। तो, आइए जानते हैं इस शहर में आप कहां घूम सकते हैं।

**कोलकाता में घूमने वाली जगह**

1. विक्टोरिया मेमोरियल हॉल- Victoria Memorial Hall

विक्टोरिया मेमोरियल हॉल भव्य सफेद संगमरमर की संरचना वाली खूबसूरत इमारत है। इसका वास्तुशिल्प शानदार है। कोलकाता में सबसे अधिक फोटो खींचने वाली जगहों में से एक इस मेमोरियल हॉल के अंदर एक बहुत अच्छा संग्रहालय है। यह संग्रहालय ब्रिटिश काल के व्यक्तियों के चित्र, अच्छी मूर्तियां और अन्य पेंटिंग और उस अवधि के दौरान इस्तेमाल किए गए कुछ हथियारों से भरा हुआ है।

**2. दक्षिणेश्वर काली मंदिर-**

दक्षिणेश्वर काली मंदिर देवी काली को समर्पित है। हुगली नदी के तट पर स्थित यह मंदिर 25 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। मुख्य मंदिर नौ शिखरों वाली संरचना है और एक विशाल प्रांगण से घिरा हुआ है जिसकी सीमा के साथ कमरे हैं। नदी के तट पर, भगवान शिव को समर्पित लगभग 12 मंदिर हैं, साथ ही भगवान कृष्ण और देवी राधा का एक मंदिर और रानी रशमोनी का एक मंदिर है, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया था। वह देवी काली की परम भक्त थीं। यह मंदिर रामकृष्ण से जुड़े होने के लिए भी जाना जाता है।

**3. हावड़ा ब्रिज**

हावड़ा ब्रिज हुगली नदी पर एक विशाल स्टील ब्रिज है। इसे दुनिया के सबसे लंबे ब्रैकट पुलों में से एक माना जाता है। इसे रवीन्द्र सेतु के नाम से भी जाना जाता है, यह हावड़ा और कोलकाता को जोड़ता है। यह प्रतिदिन 100,000 वाहनों और अनगिनत पैदल यात्रियों को ले जाता है। इसकी ब्रिज के बारे में कहा जाता है कि इसे बनाने के लिए एक भी नट और स्क्रू का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

**4. मदर टेरेसा का घर**

यह घर मदर टेरेसा द्वारा 1950 में मानव जाति की निस्वार्थ सेवा के साथ-साथ मानवता के उत्थान और उसे मोक्ष की ओर ले जाने के उद्देश्य से बनाया गया था। वह 1953 से 1997 तक इस घर में रहीं और काम किया जब उन्होंने अंतिम सांस ली। इसलिए दुनियाभर से लोग यहां घूमने आते हैं। तो, इस तरह आप कोलकाता में इन जगहों पर घूमकर आ सकते हैं।

# लग्जरी सामान बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय, डेलॉय ने जारी की सूची

**कीर्तिमान**

- **'वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023' में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है।**

मुंबई, एजेंसी

लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय कंपनियां भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इन छह कंपनियों में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और टाइटन के साथ चार अन्य भारतीय आभूषण निर्माता कंपनियां भी शामिल हैं। डेलॉय की सोमवार को जारी 'वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023' में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है।

पहली बार इसे सूची में जगह मिली है। टाटा समूह की इकाई टाइटन कंपनी 24वें स्थान पर है। विविध क्षेत्रों में काम करने वाली फ्रांस की लग्जरी कंपनी एलवीएमएच इस सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज है। पीवीएच कॉर्प दूसरे और रिचमोंट तीसरे स्थान पर है।

डेलॉय ने रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है, उपभोक्ताओं में प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं। देश के लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, जो घरेलू ब्रांड को वैश्विक पहचान में योगदान दे रही है। देश में लग्जरी उत्पादों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू ब्रांड को वैश्विक स्तर पर उभरने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की शीर्ष-100 लग्जरी उत्पाद विक्रेताओं ने 2023 में कुल 347 अरब डॉलर का कारोबार किया। यह सालाना आधार पर 13.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। 347 अरब डॉलर के कुल



कारोबार में एलवीएमएच की हिस्सेदारी 31 फीसदी है।

डेलॉय के मुताबिक, लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-10 कंपनियों का 63 फीसदी बाजार पर कब्जा है।सालाना आधार पर इनकी बिक्री में 23 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। शीर्ष-100 कंपनियों के कुल शुद्ध लाभ में इनकी हिस्सेदारी 76.4 फीसदी है।

बैटरी बनाने वाली कंपनी टेस्ला पावर इंडिया अपनी विस्तार योजनाओं के तहत विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रही है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि इस भर्ती अभियान में बिक्री, इंजीनियरिंग, परिचालन, विपणन व समर्थन कार्यों से जुड़े पद शामिल होंगे। इससे युवाओं के लिए नौकरी के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे। कंपनी के एमडी कविंदर खुराना ने कहा कि हम भारत में कारोबार विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दिल्ली सरकार ने लोकल इकॉनोमी के लिए उठाया बड़ा कदम

## अब 24 घंटे खुल सकेंगी दुकानें

- **हाल के सालों में मुख्यमंत्री ने दिल्ली में 699 दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को दिन के 24 घंटे चालू रहने की अनुमति दी है।**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राज्य की लोकल इकॉनमी को बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला किया है। अब दिल्ली में रिटेल दुकानों को खोलने के पूरे 24 घंटे की अनुमति मिल सकती है। दिल्ली सरकार ने दुकानों और कमर्शियलसंस्थानों को चौबीसों घंटे खुले रहने की इजाजत दे दी है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद इस प्रस्ताव को अब अंतिम मंजूरी के लिए उपराज्यपाल के पास भेजा गया है। जिन भी रिटेलर्स को इसके लिए मंजूरी मिलती है वो 24 घंटे दुकान खोल सकेंगे। मंजूरी पाने वाले सभी संस्थानों को दिल्ली दुकान स्थापना अधिनियम 1954 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। सरकार उनपर कड़ी निगरानी रखेगी ताकि नियमों का उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई की जा सके। बयान के मुताबिक ये संस्थान कमर्शियल, रिटेल कारोबार और होलसेल केटेगरी से जुड़े हैं। हाल के सालों में मुख्यमंत्री ने दिल्ली में 699 दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को दिन के 24 घंटे चालू रहने की अनुमति दी है। दिल्ली सरकार का मानना है कि यह पहल दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी।

# सरकार पहली बार पांच निजी फर्मों से 26 अरब डॉलर के निवेश की कर रही बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत सरकार कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने और रिन्यूबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए इन दिनों खास जोर दे रही है। इसी तर्ज पर भारत सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र (nuclear energy sector) में 26 अरब डॉलर के निवेश को लेकर प्राइवेट कंपनियों से बातचीत कर सकती है। यह जानकारी रॉयटर्स को सरकारी सूत्रों के हवाले से मिली।

सरकार की योजना बिजली उत्पादन को बढ़ाने और उससे होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने की है। इसी लक्ष्य के साथ सरकार यह बड़ा निवेश चाहती है। रॉयटर्स ने बताया कि सरकार जिन 5 प्राइवेट फर्मों से बाचत कर रही है उसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज (Reliance Industries), टाटा पावर (Tata Power), अदाणी पावर (Adani Power) और वेदांत लिमिटेड (Vedanta Ltd.) शामिल हैं। रॉयटर्स को सरकारी सूत्रों ने यह भी बताया कि सरकार चाहती है कि सभी प्राइवेट कंपनियां 44,000 करोड़ रुपये के करीब का निवेश करें।सूत्रों ने कहा कि संघीय परमाणु ऊर्जा विभाग (Department of Atomic Energy) और सरकार द्वारा संचालित न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (Nuclear Power Corp of India Ltd-NPCIL) ने निवेश योजना पर पिछले साल प्राइवेट कंपनियों के साथ कई दौर की चर्चा की है।ऐसा पहली बार हो रहा है कि भारत परमाणु ऊर्जा (nuclear power) में प्राइवेट निवेश आमंत्रित कर रहा है।

# SCSS में मिल रहा 8 .2% सालाना ब्याज

**जानकारी**

- **फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.50% तक इंटरेस्ट, सीनियर सिटीजन के लिए सुरक्षित निवेश के 4 ऑप्शन**

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर सिटीजन के सामने जब भी बचत की बात आती है, वे सुरक्षित बचत योजनाओं को ज्यादा तवज्जो देते हैं। ज्यादातर लोग अपने बचाए पैसे को ऐसे इन्वेस्टमेंट ऑप्शन में लगाना चाहते हैं, जिससे रेगुलर इनकम मिल सके और पैसे भी सेफ रहे।सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम (SCSS) में केवल 1000 में अकाउंट ओपन किया जा सकता है। इसमें मैक्सिमम 30 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। फिलहाल इस स्कीम पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस की इस स्कीम में 60 साल से ज्यादा उम्र का कोई भी व्यक्ति निवेश कर सकता है।इसमें कम से कम 5 साल के लिए निवेश किया जा सकता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे 3 साल के लिए और एक्सटेंड किया जा सकता है। वहीं, अगर आप 5 साल के पहले अपना अकाउंट बंद करना चाहते हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको पेनल्टी देनी पड़ेगी।



SCSS में सेक्शन 80C के तहत टैक्स छूट का लाभ मिलता है। इस स्कीम के तहत जॉइंट खाता भी खुलवा सकते हैं। ब्याज क्वाटर्ली मिलता है और अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के पहले वर्किंग डे को क्रेडिट कर दिया जाता है। डिफेंस से रिटायर हुए 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग कुछ कंडीशन के साथ इस योजना में निवेश कर सकते हैं।

अगर आप बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) में पैसा लगाते हैं, तो यहां भी आपका पैसा सुरक्षित रहता है, साथ ही सामान्य नागरिकों को मिलने वाले ब्याज की तुलना में 0.5% ज्यादा ब्याज मिलता है। अलग-अलग बैंकों की अलग-अलग स्कीम में आप 7 दिन से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं।

पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम आपको हर महीने एक रेगुलर इनकम की गारंटी देती है। इसका मैच्योरिटी पीरियड पांच साल होता है। हर तीन महीने में इसकी ब्याज दरें रिवाइज होती है। पांच साल बाद आप अपनी डिपॉजिट की गई रकम को वापस ले सकते हैं। अगर आप स्कीम का आगे भी फायदा लेना चाहते हैं, तो मैच्योरिटी के बाद नया अकाउंट खुलवा सकते हैं। इस स्कीम में व्यक्तिगत रूप से 9 लाख रुपए या संयुक्त रूप से 15 लाख रुपए का निवेश 5 साल के लिए किया जा सकता है। इस पर अभी 7.4% का सालाना ब्याज मिल रहा है। सीनियर सिटीजन म्यूचुअल फंड या हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में भी निवेश कर सकते हैं। ये मुख्य रूप से फिक्स्ड इनकम वाले ऑप्शन में ही निवेश करते हैं। इसमें कैपिटल बढ़ने के साथ-साथ रेगुलर इनकम भी होती है। हालांकि, म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना जोखिम से भरा हो सकता है। इसका चुनाव आप अपने जोखिम को देखते हुए ही करें।

**CFO बोले | 30 करोड़ से कर्ज चुकाएंगे; 8 बेड से की थी हॉस्पिटल की शुरुआत**

# कल खुलेगा GPT हेल्थकेयर का IPO

नई दिल्ली, एजेंसी

ILS हॉस्पिटल्स को ऑपरेट करने वाली GPT हेल्थकेयर लिमिटेड का IPO 22 फरवरी को खुलेगा। इसमें आप 26 फरवरी तक पैसा लगा सकते हैं। 29 फरवरी को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर लिस्ट होंगे।

GPT हेल्थकेयर इस IPO के जरिए 525.14 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 40 करोड़ के 2,150,537 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉल सेल के जरिए 485.14 करोड़ के 26,082,786 शेयर बेचेंगे। कंपनी ने IPO का प्राइस बैंड 177 से 186 तय किया है।

सवाल : कंपनी क्या करती है और IPO से जुटाए पैसों का इस्तेमाल कहां करेगी?

जवाबः हमारी कंपनी कोलकाता बेस्ड है। हम ILS के 4 हॉस्पिटल्स चलाते हैं, जिसमें 2 हॉस्पिटल्स कोलकाता में, 1 हावड़ा में और 1 अगरतला में हैं। चारों हॉस्पिटल्स में टोटल 561 बेड हैं। ये फुल सर्विस हॉस्पिटल्स हैं, जिसमें हम बेस्ट क्लास केयर देते हैं।

आने वाले समय में हम 2-3 हॉस्पिटल्स और खोलने वाले हैं। फ्रेश इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि में से 30 करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा।

सवाल : ILS नाम से आप अपने हॉस्पिटल ऑपरेट करते हैं, इनकी USP क्या है?

जवाबः हम मल्टी स्पेशलिटी ट्रीटमेंट घर के पास देते हैं। ज्यादातर शहरों में बड़े हॉस्पिटल्स शहर के बाहर होते हैं, जहां पर लोग रहते हैं वहीं पर अच्छा ट्रीटमेंट नहीं मिल पाता है। हमारे हॉस्पिटल्स नेबरहुड की तरह है। यही हमारी USP है।




हमारी शुरुआत साल 2000 में कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में 8 बेड वाले हॉस्पिटल से हुई थी।

सवालः आपने कब सोचा कि जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड का IPO लाना चाहिए?

जवाबः हमने पिछले 2 सालों में सोचा कि मार्केट में लिस्टिंग कर लेनी चाहिए। मार्केट पिछले 3-4 साल से नई कंपनियों की लिस्टिंग के लिए अच्छा रहा है। इसके अलावा हमारे साथ नवंबर 2014 से प्राइवेट इक्विटी इन्वेस्टर वैनिटी ग्रोथ कैपिटल जुड़ा है। 2014 में फाइनेंशियल डेट और बिजनेस बढ़ाने में इन्होंने काफी मदद की थी। ये अब कंपनी से पैसा निकालना चाहते हैं।

वहीं ईस्टन इंडिया चेन बेस्ड अभी कोई भी हॉस्पिटल्स मार्केट में लिस्ट नहीं है। कोविड के बाद लोगों का हॉस्पिटल्स के प्रति पॉजिटिव थिंकिंग और पॉजिटिव ऑउटलुक भी है।

सवालः IPO में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35% हिस्सा रिजर्व रखा गया है, कोई खास वजह?

जवाबःसेबी के नियम के हिसाब से प्रॉफिटेबल कंपनी को रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35% हिस्सा रिजर्व रखना होता है। वहीं लॉस मेकिंग कंपनी को रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10% रिजर्व रखना होता है। वहीं IPO का 50% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व है। 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व है।

सवालः आपको कितने सब्सक्रिप्शन की उम्मीद हैं? GMP अभी न्यूट्रल है इस पर क्या कहना है?

जवाबः सब्सक्रिप्शन की उम्मीद तो जो आप कर सकते हैं वही हम कर सकते हैं। हम कोई स्पेशल उम्मीद नहीं कर सकते हैं। वहीं ग्रे मार्केट प्रीमियम पर हम कोई कमेंट नहीं कर सकते। लिस्टिंग मार्केट पर निर्भर होती है, इसलिए हमारा इस पर कोई भी व्यू नहीं है।

सवालः कंपनी के बिजनेस एक्सपेंशन का क्या प्लान है?

जवाबः हमारा एक हॉस्पिटल रायपुर में पंचवेरी नाका के पास आ रहा है जो 2024 में शुरू हो सकता है, यह 152 बेड का हॉस्पिटल है। एक और हॉस्पिटल रांची में बन रहा है जो 2027 में शुरू होगा। इसके अलावा ईस्टन इंडिया में और भी अपॉर्चुनिटीज देख रहे हैं, जहां डिमांड हाई हो।

# डीपफेक रोकने के लिए हेल्पलाइन शुरू करेगा वॉट्सऐप

नई दिल्ली, एजेंसी। AI-जनरेटेड मिस इनफार्मेशन खास तौर पर डीपफेक से निपटने के लिए वॉट्सऐप जल्द हेल्पलाइन शुरू करेगा। इसके लिए वॉट्सऐप की पेरेंट कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (MCA) ने पार्टनरशिप की है। यह हेल्पलाइन चैटबॉट के रूप में रहेगी, जो इंग्लिस के साथ तीन लोकल लैंग्वेज (हिंदी, तमिल और तेलगु) में शुरू होगी। देशभर के यूजर्स इसे इस्तेमाल कर सकेंगे। चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर उसकी जांच करने के लिए रिपोर्ट कर सकेंगे। वॉट्सऐप हेल्पलाइन के जरिए मिलने वाली शिकायतों को एनालाइज और मैनेज करने के लिए MCA एक सेंट्रल 'डीपफेक एनालिसिस यूनिट' स्थापित करेगा। पब्लिक पॉलिसी इंडिया के डायरेक्टर शिवनाथ ठुकराल ने कहा कि हम AI के जरिए तैयार की गई मिसइनफॉर्मेशन की चिंताओं को पहचानते हैं। हमारा मानना है कि इससे निपटने के लिए पूरे इंडस्ट्री को ठोस और जरूरी कदम उठाने की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)